सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-169
04/04/2017

रामनवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 04 अप्रैल 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मर्यादा पुरूषोतम भगवान राम के जन्मोत्सव रामनवमी पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिये। भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित जीवन मूल्य आज भी प्रासंगिक है। भगवान श्रीराम के आदर्श, समर्पण एवं त्याग को अपनाकर राज्य और देश की प्रगति में पूरी निष्ठा के साथ सहभागी बनें।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि रामनवमी जैसे पर्व राष्ट्रीय एकता, अखण्डता तथा देश की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हैं। उन्होंने राज्यवासियों से आह्वान किया है कि पावन पर्व रामनवमी को आपसी भाईचारा, पारस्परिक प्रेम, सामाजिक सद्भाव के साथ मिल–जुलकर हर्षोल्लास के साथ मनायें।

*****